माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 302 /कु0का0/MSU/2026–27 दिनांक : 18/11/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

विषयः–विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "सुर–संवाद–रंगमंच" प्रतिभा खोज एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें कला एवं प्रदर्शन के विभिन्न क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "सुर–संवाद–रंगमंच" नामक विशेष प्रतिभा खोज एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

2. कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक '20 नवम्बर, 2026' को विश्वविद्यालय परिसर में एक दिवसीय प्रतिभा खोज (Talent Hunt) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नृत्य, गायन एवं संगीत तथा अभिनय एवं रंगमंच के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में एकल (Solo), युगल (Duet) एवं समूह (Group) श्रेणियों में प्रतिभागिता आमंत्रित है।

3. कार्यक्रम में प्रतिभागिता पूर्णतः निःशुल्क होगी। चयनित प्रतिभागियों को आगामी पाँच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला में अनुभवी एवं विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला का संचालन TRE Films & Production के सहयोग से किया जाएगा।

4. समस्त महाविद्यालय विद्यार्थियों में उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए नृत्य, गायन, संगीत एवं अभिनय के क्षेत्र में विशेष रुचि एवं प्रतिभा रखने वाले विद्यार्थियों को प्रतिभागिता हेतु प्रोत्साहित करना सुनिश्चित करें। साथ ही महाविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दिनांक 20 नवम्बर, 2026 को माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय परिसर, सहारनपुर में आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु नामित करना सुनिश्चित करे।

5. इस कार्यक्रम में आपके महाविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सहभागिता आयोजन को सार्थक बनाने के साथ–साथ उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने, निखारने एवं व्यापक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी। आपके महाविद्यालय के इच्छुक एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का नामांकन विश्वविद्यालय के टीचर नोडल ऑफिसर श्री मानव (मोबाइल नं. 9012712640) के पास कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक यथोपरिः–

भवदीय,

18-11-26

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. उपकुलसचिव शैक्षणिक।
03. सहा0 कुलसचिव (प्रशा0)।
04. शैक्षणिक समन्वयक।
05. CEO MSU Academic Foundaion।
06. श्री मानव (नोडल ऑफिसर)।
07. गार्ड फाईल।

कुलसचिव


A UNIVERSITY-LEVEL CULTURAL & LEARNING INITIATIVE
Sur·Samvad·Rangmanch
TALENT HUNT & FIVE-DAY PERFORMING ARTS WORKSHOP
THEATRE & ACTING
DANCE
MUSIC & SINGING
UNIVERSITY TALENT HUNT
20 NOVEMBER 2026
MSU CAMPUS, SAHARANPUR
FIVE-DAY INTENSIVE WORKSHOP
FOR SELECTED PARTICIPANTS
EXPERT TRAINING
BUILD CONFIDENCE
ENHANCE CREATIVITY
REAL-WORLD EXPOSURE
DISCOVER TALENT.
BUILD CONFIDENCE.
INSPIRE EXPRESSION.